# कौन जीता

LLF Language and Learning foundation
Strong Foundation, Stronger Future



कहानी: विनीता कृष्णा
चित्र: उबिता लीला उन्नी

स्तर 2

# कौन जीता
## Kaun Jeeta

---

लेखन : विनीता कृष्णा

चित्र : उबिता लीला उन्नी

संपादकीय सहयोग : हीना परवीन

प्रथम संस्करण : 2023

मुद्रक :

लेआउट और डिजाईन : स्टेल्ला डिजाईन ऐंड प्रिंट

**प्रकाशक :**
लैंग्वेज ऐंड लर्निंग फाउंडेशन
डी – 26 , एन. डी. एस. ई. पार्ट – II
फ्रंट ग्राउंड फ्लोर , नई दिल्ली – 110049
फोन – 011-41092724

ISBN 978-81-957414-6-5

---

LLF Language and Learning foundation
Strong Foundation, Stronger Future

© Language and Learning Foundation
इस किताब के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बाद ही इस पुस्तक के किसी भी अंश का उपयोग किया जा सकता है।




# कौन जीता

कहानी: विनीता कृष्णा
चित्र: उबिता लीला उन्नी





अली और नीरा का पसंदीदा
खेल था, छुपन-छुपाई!



अली ने गिनती शुरू की - 1, 2, 3...
नीरा इधर-उधर छिपने की जगह ढूँढने लगी।



पेड़ के पीछे? ना!



टीले के पीछे? ना- ना!

लम्बी घास में? ना-ना-ना!




अली ने गिना...
8,9,10 और नीरा गई छुप।
अली ढूँढने लगा।
कहाँ होगी नीरा?



पेड़ के पीछे
...नहीं!




टीले के पीछे
...नहीं!



लम्बी घास
में भी नहीं!

***गई तो कहाँ
गई?***



अली भागा, धप-धप
आवाज़ आई, चप-चप
अली रुका, आवाज़ बंद!



अली झट बैठ गया
मगर परछाई- खड़ी लम्बी!





अली मुड़ा, “ये पकड़ी!”
नीरा ने लगाया, “ले धप्पा!”

छिप गई, परछाई सी
परछाई से पकड़ी गई
हुआ बराबर “पकड़ी-धप्पा”





बूझो...

**कौन हारा? कौन जीता?**

# छुप्पन-छुपाई में एक छिपा और दूसरे ने शुरू किया ढूँढ़ना।
# मगर सब जगह ढूँढ़ने पर भी नहीं मिला पहला।
# कौन कहाँ छिपा कैसे मिला?

लैंग्वेज ऐंड लर्निंग फाउंडेशन (LLF) बच्चों में बुनियादी साक्षरता कौशल और पढ़ने की आदत के विकास के लिए कार्य करता है और इसी क्रम में बच्चों के लिए विविध प्रकार के बाल साहित्य की उपलब्धता पर ज़ोर देता है। पढ़ना सीख रहे बच्चों के लिए रोचक चित्रों के साथ बना बाल साहित्य उनके पढ़ने सीखने के सफ़र में गति उत्पन्न करता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए LLF, 5-9 साल के बच्चों के लिए उपयुक्त और रोचक बाल साहित्य की रचना कर रहा है जिसके तहत कहानी की किताबें विकसित की जा रही हैं।

LLF द्वारा प्रकाशित किताबें 5 से 9 साल तक के बच्चों को ध्यान में रखते हुए इन 3 स्तरों में रखी गई हैं।

**स्तर 1**

उन बच्चों के लिए जिन्होंने अभी-अभी पढ़ना शुरू किया है। इस स्तर की किताबों में रोचक चित्रों के साथ कुछ सरल शब्द या वाक्य होते हैं जिन्हें बच्चे आसानी से पढ़ सकते हैं। ऐसी किताबें बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि पैदा करने में महत्वपूर्ण हैं।

**स्तर 2**

उन बच्चों के लिए जो छोटे और सरल वाक्य पढ़ना सीख चुके हैं मगर अभी पढ़ने में निपुण नहीं हैं। इस स्तर की किताबों में बड़े और छोटे दोनों ही प्रकार के चित्रों के साथ सरल वाक्य होते हैं। ऐसी किताबें बच्चों को खुद से और किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

**स्तर 3**

उन बच्चों के लिए जो छोटे पाठ आसानी से पढ़ सकते हैं। इस स्तर की किताबों में चित्रों के साथ कई वाक्य एक साथ लिखे हो सकते हैं। इन किताबों में पात्रों और घटनाओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक होती है। ऐसी किताबें बच्चों को उनके सोचने समझने के दायरे विस्तृत करने में मदद करती हैं।



LLF Language and Learning foundation
Strong Foundation, Stronger Future